पत्रांक–9A/राजस्व महाभियान–07–11/2025.......2962-(9A)

**बिहार सरकार**

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

प्रेषक,

**दीपक कुमार सिंह,** भा०प्र०से०
**अपर मुख्य सचिव।**

सेवा में,

**अपर मुख्य सचिव,**
**शिक्षा विभाग।**

पटना–15, दिनांक–18/8/25

विषय :– राजस्व महाअभियान (16 अगस्त, 2025 से 20 सितम्बर, 2025) में टोला सेवकों एवं तालीमी मरकज के द्वारा सहयोग हेतु अनुरोध।

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध अनुरोध करना है कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के द्वारा 16 अगस्त, 2025 से 20 सितम्बर, 2025 तक राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत घर–घर जाकर जमाबंदियों की प्रति वितरित कर रैयतों से जमाबंदियों में सुधार, छूटी हुई जमाबंदियों को ऑनलाईन करने, उत्तराधिकारी नामांकन एवं आपसी बंटवारा हेतु आवेदन पत्र शिविर के माध्यम से प्राप्त करना है। इस संबंध में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा निर्गत पत्रांक–2786(9ए) दिनांक–29.07.2025 एवं पत्रांक–2809(9ए) दिनांक–01.08.2025 की प्रति संलग्न है।

जमाबंदी वितरण के कार्य में स्थानीय कर्मियों एवं जन प्रतिनिधियों का सहयोग आवश्यक है। चूंकि शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत टोला सेवक एवं तालीमी मरकज स्थानीय परिवारों से परिचित होते हैं, इसलिए उनका सहयोग मिलने पर जमाबंदी वितरण के कार्य में आसानी होगी।

अतः अनुरोध है कि भवदीय की ओर से इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं शिक्षा विभाग के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के आवश्यक निर्देश निर्गत करने की कृपा की जाए, ताकि वे टोला सेवकों एवं तालीमी मरकज की सूची संबंधित अंचलाधिकारियों को उपलब्ध करा दें, जो अंचल स्तरीय समिति के समन्वयक हैं। अंचलाधिकारियों के द्वारा उन्हें अपने–अपने क्षेत्र में जमाबंदी का वितरण कर रहे दल के साथ संबद्ध कर दिया जाएगा। इस संबंध में निर्गत पत्र की प्रति अधोहस्ताक्षरी को भी देने की कृपा करें ताकि उसे अंचलाधिकारियों को उपलब्ध कराया जा सके।

विश्वासभाजन

18/8/2025

(दीपक कुमार सिंह)

ज्ञापांक–9A/राजस्व महाभियान–07–11/2025.........2962-(9A) दिनांक– 18/8/25

प्रतिलिपि :– सभी प्रमंडलीय आयुक्त,बिहार/सभी समाहर्त्ता, बिहार/सभी अपर समाहर्त्ता, बिहार/सभी भूमि सुधार उप–समाहर्त्ता, बिहार/ सभी अंचलाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

(दीपक कुमार सिंह)

ज्ञापांक–9A/राजस्व महाभियान–07–11/2025.........2962-(9A)... दिनांक– 18/8/25

प्रतिलिपि :– मुख्य सचिव, बिहार,पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

(दीपक कुमार सिंह)